

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

हर इंडस्ट्री में मौजूद है जेंडर आधारित भेदभाव

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 18 ■ रविवार, 23 मार्च 2025 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.L.B., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

FOLLOW US · GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play · Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel · Subscribe

# बदलापुर-अंबरनाथ से मुंबई तक दौड़ेगी मेट्रो

■ मेट्रो लाइन-14

■ 38 किमी लंबी है और इसमें 15 होंगे स्टेशन

**बदलापुर.** मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने इस वर्ष कांजुरमार्ग से बदलापुर मेट्रो लाइन-14 का कार्य शुरू कर दिया है। एमएमआरडीए जल्द ही इस मेट्रो लाइन के पर्यावरणीय प्रभावों का अध्ययन करने के लिए एक सलाहकार की नियुक्ति करेगा। परिणामस्वरूप, बदलापुर के लोगों के लिए मुंबई की यात्रा जल्द ही आसान और अधिक आरामदायक हो जाएगी।

एमएमआरडीए द्वारा नियुक्त इस सलाहकार को पर्यावरणीय मंजूरी भी लेनी होगी। एमएमआरडीए ने सलाहकारों की नियुक्ति के लिए निविदाएं आमंत्रित की हैं। मेट्रो लाइन-14 38 किमी लंबी है और इसमें 15 स्टेशन होंगे।

अंबरनाथ और बदलापुर में भीड़ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इस भीड़ का दबाव स्थानीय लोगों पर पड़ रहा है। सड़क मार्ग से बदलापुर पहुंचने में डेढ़ से दो घंटे लगते हैं। इसके अलावा, यहां हर दिन बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ रहती है। इससे बदलापुर मेट्रो द्वारा सीधे मुंबई से जुड़ जाएगा। कांजुरमार्ग से बदलापुर मेट्रो परियोजना अंबरनाथ-बदलापुर क्षेत्र को नवी मुंबई-ठाणे-भिवंडी शहरों से सीधे जोड़ेगी।

मेट्रो बदलापुर, अंबरनाथ, निलजे, शिलफाटा, महापे, घनसोली से होकर गुजरेगी और अंततः ठाणे क्रीक को पार करके कांजुरमार्ग में मुंबई की सीमा तक पहुंचेगी। इस लाइन पर कुल 15 स्टेशन होंगे, जिनमें से 13 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस मेट्रो से निवासियों को बहुत लाभ होगा।




### 13 एलिवेटेड स्टेशन

मेट्रो लाइन में दोनों स्टॉप पर 15-15 स्टेशन होंगे, जिनमें 13 एलिवेटेड स्टेशन और 1 भूमिगत स्टेशन होगा। बदलापुर से कांजुरमार्ग मेट्रो 14, वडाला-घाटकोपर-कासरवडावली मेट्रो 4, स्वामी समर्थ नगर जोगेश्वरी-कांजुरमार्ग मेट्रो 6, कांजुरमार्ग रेलवे स्टेशन और 3 अन्य स्थानों को इंटरचेंज से जोड़ा जाएगा.



## क्राइम डायरी...

### होली के दिन दोस्तों ने की युवक की हत्या

■ अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**कल्याण.** होली के दिन टिटवाला पुलिस स्टेशन के अंतर्गत वरप गांव के महाराजा लॉन में काम करने वाले युवक सत्यप्रकाश उपाध्याय को उसके तीन दोस्तों ने बेरहमी से प्रताड़ित किया, उच्च दबाव वाले पाइप से गुदा में पानी डाले जाने से सत्यप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई.

सत्यप्रकाश उपाध्याय और आरोपी मनीष चैतमणि, कृष्णा सिंह और सौरव चंदा सभी महाराजा लॉन में काम करते थे, वहां रंगों की होली के दिन खेल शुरू में मनोरंजक था, बाद में अमानवीय हो गया, तीनों तथाकथित दोस्तों ने सत्यप्रकाश के साथ जबरदस्ती की और उस पर तेज दबाव वाला पानी की बौछार डाल दिया पानी का दबाव इतना तेज़ था कि उनकी आंतें गंभीर रूप से घायल हो गईं.और उसकी मौत हो गई,

# मौसम परिवर्तन के कारण सर्दी-खांसी के मामले बढ़े

■ निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों की कतारें



**उल्हासनगर.** पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण शहर में बुखार और सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। दोपहर में पड़ रही भीषण गर्मी और रात में पड़ रही सर्द हवा से कई लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने लगा है। इसके कारण अस्पतालों में मरीजों की कतारें बढ़ गई हैं। इस वर्ष फरवरी में ही गर्मी शुरू हो जाने से मौसम अत्यधिक गर्म हो गया है। शहर में लगातार बदलते मौसम, दिन में तेज धूप और रात में ठंडे तापमान के कारण बीमारियों की घटनाओं में वृद्धि हुई है।

शहर में पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। इसके कारण बीमार पड़ने वाले बच्चों और नागरिकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। नवी मुंबई शहर में सुबह की सैर करने वाले लोगों की संख्या में भी वृद्धि हुई है।

बड़े और निरंतर परिवर्तनों के कारण सिरदर्द, बुखार, सर्दी और खांसी बढ़ रही है। सुबह और शाम की हवा का रुख बदलने से अचानक हवा ठंडी लगने लगी है। दिन में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण काम पर घर से निकलने वाले लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। हालांकि, रात में ठंडी हवा के कारण नागरिकों को एक ही दिन में दो मौसम का अनुभव हो रहा है। लेकिन स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के कारण कई लोग सर्दी-जुकाम और बुखार से पीड़ित हो रहे हैं। उनमें से कई लोगों को गले की समस्या भी हो रही है।

# अटाली में चोरों ने की 60 वर्षीय वृद्धा की हत्या

**कल्याण.** अंबिवली स्टेशन के पास अटाली में गुरुवार रात एक 60 वर्षीय महिला की हत्या कर दी गई. इस घटना पर यह आशंका जताई जा रही है कि यह हत्या चोरी के मकसद से की गई होगी क्योंकि शरीर पर मौजूद गहने चोरों ने लूट लिए हैं. इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है और लोग दुख व्यक्त कर रहे हैं.

सूत्रों के अनुसार अट्टाली ज्ञानेश्वर नगर में चालिवाजा के घर में वृद्धा रजनी चंद्रकांत पाटकर (60) अकेली थी, आशंका जताई जा रही है कि उसके पति बेटी गुरुवार की रात बाहर गए थे, तभी अज्ञात चोर घर में घुस आया और उसकी हत्या कर आभूषण लूट लिए रात करीब साढ़े दस बजे जब पति और बेटी घर लौटे तो महिला खून से लथपथ मिली, जब उन्हें अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

शरीर पर मौजूद आभूषण गायब होने से यह आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात चोर ने हत्या कर सोने के आभूषण लूट लिए, खडकपाड़ा पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और खडकपाड़ा पुलिस इस मामले में आगे की जांच पड़ताल कर रही है,

# उल्हासनगर मनपा के इतिहास में पहली बार महिला आयुक्त पेश करेंगी बजट

■ नागरिकों को विकास की उम्मीद

**उल्हासनगर.** महानगरपालिका की स्थापना के बाद पहली महिला आईएएस अधिकारी मनीषा आव्हाले ने आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया है और इस बार वह बजट पेश करेंगी। इसके लिए लेखा विभाग की मशीनरी ने काम करना शुरू कर दिया है और अगले एक-दो दिन में बजट पेश करने की तारीख तय कर दी जाएगी।

राजस्व के मुख्य स्रोत संपत्ति कर विभाग और शहरी नियोजन विभाग हैं, लेकिन बजट से पता चलेगा कि अन्य राजस्व कैसे बढ़ाया जाएगा। सड़कों के अलावा अन्य क्या विकास कार्य किए जाएंगे, स्कूलों, लोक निर्माण विभाग, जल आपूर्ति विभाग, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग आदि के लिए कितनी धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। बजट में यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि जल, कर, निर्माण और बाजार लाइसेंस शुल्क में वृद्धि की जाएगी या नहीं।

चूंकि वर्तमान में यहां प्रशासक का शासन है और कोई महापौर, उप महापौर, स्थायी समिति अध्यक्ष या जनप्रतिनिधि नहीं है, इसलिए आयुक्त और प्रशासक मनीषा आव्हाले हैं। उनसे शहर के विकास और नागरिकों के कल्याण के लिए बजट पेश करने की उम्मीद है।

आयुक्त के समग्र प्रदर्शन और पिछली अभय योजना की घोषणा को देखते हुए, नागरिक बजट में उनसे बड़ी उम्मीदें जता रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि वे निराश नहीं करेंगी.

### गत वर्ष 977 करोड़ रुपये था बजट

पिछले साल मनपा का बजट 977 करोड़ रुपये था। इस वर्ष बजट में वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन का मुद्दा सरकार की ओर से 22 करोड़ 11 लाख रुपये मासिक अनुदान के माध्यम से हल किया जाता है।



### बाइक चोरी और सोने की चेन की छीनैती का शातिर आरोपी नागपुर से पकड़ाया

**उल्हासनगर.** अंबरनाथ और उल्हासनगर पुलिस के कार्यक्षेत्र में बाइक और सोने की चेन चुराने वाले दीपक परमार नामक चोर को उल्हासनगर अपराध शाखा ने गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है. दिलचस्प बात यह है कि यह आरोपी नागपुर का रहने वाला है और उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने उसे नागपुर के रामटेक से गिरफ्तार किया है. इस आरोपी ने धूम स्टाइल ने अंबरनाथ के शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन के तहत एक महिला के गले से सोने की चेन खींची थी, जबकि उल्हासनगर के विठ्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा में उसने एक दोपहिया वाहन चुरा लिया था. उल्हासनगर क्राइम ब्रांच द्वारा समानांतर जांच की जा रही थी. उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के पुलिस कांस्टेबल मंगेश जाधव को सीसीटीवी और तकनीकी जानकारी के आधार पर विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली कि आरोपी गुजरात का रहने वाला है, पुलिस टीम गुजरात पहुंची लेकिन भी वहां नहीं मिला.

# तंबाकू न देने के कारण 54 वर्षीय शख्स की डंडे से अमानवीय पिटाई



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक चौंकाने वाली घटना घटी, जहां एक 54 वर्षीय व्यक्ति को तंबाकू देने से इनकार करने पर बेरहमी से पीटा गया। आरोपियों ने उसे डंडे से बुरी तरह पीटा। यह घटना थायरा सिंह दरबार इलाके में घटी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालू नामक युवक ने इस्माइल बशीर शाह (उम्र 54) से तंबाकू मांगा था। हालांकि, जब शाह ने इनकार कर दिया तो कालू ने गुस्से में आकर उन पर डंडे से हमला कर दिया। उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरंत केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलने पर सेंट्रल पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कालू के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी।

स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 पर कॉल किया और एम्बुलेंस बुलाने की कोशिश की, लेकिन एक घंटे बाद भी कोई मदद नहीं मिली, इसलिए शाह को अंततः एक निजी एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। इस अमानवीय हमले से स्थानीय नागरिकों में रोष की लहर फैल गई है और वे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# अंबरनाथ अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन





▸▸ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ ब्लाक कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से दावत-ए-इफ्तार का आयोजन शहर पश्चिम गैबन शाह वली दर्गा मैदान में शनिवार को आयोजित किया गया, जिसमें हिंदू मुस्लिम बड़ी संख्या में उपस्थित थे. ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पाटिल के नेतृत्व में अल्पसंख्यक सेल के अध्यक्ष नईम शेख, मुनीर शेख, अफजल, सलीम, सलमान शेख आदि ने दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया था.

मुस्लिम जमात अध्यक्ष सलीम चौधरी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को एवं दो धर्मों को जोड़ने का काम करता है. प्रदीप पाटिल ने कहा कि हर वर्ष इफ्तार पार्टी का आयोजन कांग्रेस की ओर से किया जाता है. उन्होंने मुसलमानों को पवित्र रमजान महिना एवं रमजान ईद की शुभेच्छा दी. उन्होंने बताया कि वह और कोहोजगांव ग्रामस्थ गैबन शाह वली दर्गा को बहुत मानते हैं. उनकी दुआ लेकर ही हर नए कार्य की शुरूआत वह करते हैं. दावत-ए-इफ्तार में पुरुषों के साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थी. पूर्व नगरसेवक विलास जोशी ने भी मुस्लिमों को ईद की बधाई दी. आरिफ काजी, ख्वाजा यूनुस चौधरी, संकेत तांबे, देवराज अलझेंडे, चंद्रकांत गांगुर्डे, मनोज देवले आदि उपस्थित थे. दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रा का सूत्र संचालन पत्रकार यूसुफ शेख ने किया.

# 'एक कैमरा आपकी सुरक्षा के लिए'

## ठाणे ग्रामीण क्षेत्रों में 1,121 कैमरे पुलिस नियंत्रण कक्ष से जुड़े

**ठाणे.** ठाणे पुलिस आयुक्तालय में सीसीटीवी कैमरों का अच्छा नेटवर्क है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध, यातायात भीड़ और गुटीय विवादों पर नजर रखने के लिए ठाणे ग्रामीण पुलिस ने 'एक कैमरा आपकी सुरक्षा के लिए' अभियान के तहत दुकानों, घरों, सड़क किनारे स्थित होटलों और ढाबों में लगे सीसीटीवी कैमरों को सीधे पुलिस नियंत्रण कक्ष से अपने नियंत्रण में ले लिया। इस कमरे से 1,121 सीसीटीवी को नियंत्रित किया जा रहा है। आने वाले समय में साढ़े तीन हजार सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रूम से जोड़े जाएंगे।

ठाणे ग्रामीण पुलिस ने गांव के सरपंचों, सर्राफा दुकानदारों और नागरिकों से मुलाकात की और उन्हें 'एक कैमरा आपकी सुरक्षा के लिए' पहल के बारे में जानकारी दी। नागरिकों और दुकानदारों ने अपनी दुकानों या घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को पुलिस नियंत्रण कक्ष से जोड़ने पर सहमति जताई। पेट्रोल पंपों, स्कूलों, रेस्तरां और होटलों से जानकारी एकत्र की जा रही थी। अब तक 1,121 कैमरे नियंत्रण कक्ष से जोड़े जा चुके हैं। इस पहल का उद्घाटन कोंकण क्षेत्र के विशेष पुलिस महानिरीक्षक संजय दराडे ने किया। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे खुला रहेगा। पांच पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सीसीटीवी का निरीक्षण करेंगे।

### 12 से ज्यादा बाइक और दो कारों में लगाई आग



ठाणे ग्रामीण पुलिस क्षेत्र में भिवंडी तालुका, गणेशपुरी, पडघा कल्याण तालुका, कसारा, किन्हावली, कुलगांव, मुरबाड, शाहपुर, टोकावडे और वाशिंद पुलिस स्टेशन शामिल हैं। मुंबई-नासिक राजमार्ग, वाडा-भिवंडी रोड और मुरबाड जैसे महत्वपूर्ण मार्ग ठाणे ग्रामीण पुलिस सीमा से होकर गुजरते हैं। ग्रामीण पुलिस क्षेत्र में ग्राम पाड़ियों की संख्या अधिक है। इस क्षेत्र में निजी एवं सरकारी योजनाओं के माध्यम से 4,500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे आम जनता के साथ-साथ यातायात जाम, अपराध जांच, महिला सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने में भी सहायक होंगे।

**- डॉ. डी. एस. स्वामी,** पुलिस अधीक्षक, ठाणे ग्रामीण

# वन विभाग के अतिक्रमण जंगल की आग के घेरे में

■ कार्रवाई की मांग



**अंबरनाथ.** पिछले 15 दिनों में अंबरनाथ और बदलापुर शहरों के बाहरी इलाकों के साथ-साथ वन विभाग की सीमाओं के भीतर जंगल में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं। चिखलोली डंपिंग साइट के पास लगी आग ने आवासीय परिसरों को भी सीधे तौर पर प्रभावित किया है। इसके अलावा, नगर पालिकाओं के प्रवेश द्वारों और वन विभाग की सीमाओं के भीतर बढ़ते अतिक्रमण भी जंगल की आग के दायरे में आ रहे हैं, जिससे जानमाल के नुकसान का खतरा पैदा हो रहा है। नगर पालिका और वन विभाग से मांग की जा रही है कि दुर्घटना घटने से पहले इन अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई करें।

वन विभाग के पास अंबरनाथ तालुका में लगभग 7500 हेक्टेयर या 18,532 एकड़ का क्षेत्र है। वन विभाग अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत वन क्षेत्रों और वन संसाधनों की सुरक्षा करता है। पर्याप्त मानव शक्ति की कमी के कारण इतने बड़े वन क्षेत्र की सुरक्षा करते हुए कर्मचारी थक जाते हैं। यही कारण है कि अंबरनाथ, बदलापुर और ग्रामीण क्षेत्रों में वन विभाग की सीमा में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो रहा है। यद्यपि नगर पालिका और वन विभाग इन अतिक्रमणों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन कार्रवाई का स्तर छोटा है।

हर साल गर्मियों की शुरुआत से ही अंबरनाथ और बदलापुर शहरों के बाहरी इलाकों में स्थित वन नाका, खुंटावली, जवसाई, मलंगगढ़ क्षेत्रों के साथ-साथ बदलापुर के शिरगांव, कत्रप और वांगनी क्षेत्रों में अप्राकृतिक आग लगती है। इस वर्ष भी जंगल में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं। अतिक्रमण के कारण आग रिहायशी इलाकों तक पहुंच गई है। भविष्य में वन विभाग की सीमाओं के भीतर अतिक्रमण से उत्पन्न होने वाले खतरे को रोकने के लिए नगर पालिका और वन विभाग को समय रहते सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता जताई जा रही है।

### बड़े पैमाने पर वन संसाधनों की हानि

- अंबरनाथ तालुका में आयुध कारखाना क्षेत्र, चिखलोली क्षेत्र में आवास परिसरों से सटे क्षेत्र, एमआईडीसी जांभूल जल शुद्धिकरण केंद्र क्षेत्र, हाजीमलंग क्षेत्र में लगाए गए लाखों रुपये के वन संपदा के साथ-साथ संरक्षण विभाग के एमआरएल से सटे क्षेत्रों में भी जंगल में आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं।
- बढ़ते अतिक्रमण के कारण वन विभाग की सीमाओं के भीतर जमा कूड़े-कचरे में आग लगाई जा रही है, कबाड़ के गोदामों में ज्वलनशील रसायन जलाए जा रहे हैं तथा वन विभाग की सीमाओं का उपयोग धरना-प्रदर्शन के लिए भी किया जा रहा है। इसलिए वन विभाग के क्षेत्रों का बढ़ता दुरुपयोग चिंताजनक है।

# बारवी बांध पीड़ितों की समस्याएं जस-की-तस

■ विधायक कथोरे ने विधानसभा में की समाधान की मांग की

■ मुआवजा, नौकरी और ब्याज का मुद्दा अभी भी लंबित

**बदलापुर.** ठाणे जिले के अधिकांश शहरों और औद्योगिक क्षेत्रों को जल आपूर्ति के लिए बारवी बांध का निर्माण और विस्तार किया गया। हालाँकि, इस बांध के लिए भूमि दान करने वाले स्थानीय लोगों के मुद्दे अभी तक हल नहीं हुए हैं। उनमें से कुछ नौकरी का इंतजार कर रहे हैं, कुछ को कोई मुआवजा या लाभ नहीं मिला है। तीसरे चरण के बाद, अतिरिक्त 61 हेक्टेयर क्षेत्र जलमग्न हो गया। हालाँकि, इसकी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है। इसलिए विधायक किसन कथोरे ने विधानसभा में इन मुद्दों को तुरंत हल करने की मांग की।

तेजी से बढ़ते ठाणे जिले की पानी की प्यास बुझाने का महत्वपूर्ण कार्य महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम के बारवी बांध द्वारा संभव हुआ। यद्यपि बारवी बांध की स्थापना 1972 के आसपास हुई थी, लेकिन बारवी विस्तार का तीसरा चरण पांच साल पहले पूरा हुआ था। यद्यपि बांध की ऊंचाई बढ़ा दी गई, लेकिन भूमि अधिग्रहण के लिए उचित मुआवजा न मिलने के कारण बांध में पानी का भंडारण नहीं हो पा रहा था। अंततः निलवंडे बांध की तर्ज पर मुआवजा देने तथा सरकारी नौकरी देने का निर्णय होने के बाद बारवी बांध में अतिरिक्त पानी संग्रहित किया गया।

बारवी बांध ठाणे जिले की प्यास बुझाता है। हालाँकि, बांध पीड़ितों के लिए मुआवजे का मुद्दा अभी तक हल नहीं हुआ है। मुरबाड विधानसभा क्षेत्र के विधायक किसन कथोरे ने बजट सत्र में बारवी बांध का मुद्दा उठाया। बांध के विस्तार के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया। हालाँकि, उन्हें देय ब्याज का भुगतान नहीं किया गया। यह निर्णय मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की बैठक में लिया गया। हालांकि, कथोरे ने सदन को बताया कि ब्याज राशि प्राप्त नहीं हुई है। इसके अलावा तीसरे चरण के लाभार्थियों को भी लाभ नहीं मिला। इसलिए, कथोरे ने सवाल उठाया कि पहले और दूसरे चरण के साथ-साथ तीसरे चरण के लाभार्थियों को ब्याज का लाभ कब मिलेगा।

हैरानी की बात यह है कि पांच साल बाद भी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। इसलिए, कथोरे ने यह सवाल भी उठाया कि यह प्रक्रिया कब पूरी होगी। इस मामले पर बोलते हुए उद्योग मंत्री उदय सामंत ने आश्वासन दिया कि लाभार्थियों को मुआवजा 15 दिनों के भीतर वितरित कर दिया जाएगा।



### चौकीदार की मौत मामले में लिफ्ट मशीन ऑपरेटर पर मामला दर्ज

**नवी मुंबई.** उरण पुलिस ने बुधवार आधी रात को उरण में एक माल शिपिंग कंटेनर यार्ड में हुई दुर्घटना में 64 वर्षीय चौकीदार की मौत के बाद 24 वर्षीय लिफ्ट मशीन ऑपरेटर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। लिफ्ट मशीन के उसके ऊपर से गुजर जाने से पीड़ित की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान एकनाथ राघो पाटिल के रूप में हुई है, जो घटना के समय ड्यूटी पर थे। लिफ्ट मशीन को आरोपी मोहम्मद असलम जैश मोहम्मद खान (24) द्वारा संचालित किया जा रहा था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले खान दुर्घटना के समय कंटेनर उठाने का काम कर रहे थे।

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास संपादकीय

## वर्चस्व के इस जंग के बीच आम फिलिस्तीनी

इजराइल और हमास के बीच दो महीने पुराना संघर्ष विराम जमीन पर कितना उतर सका, उसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसके बावजूद इजराइल ने इस बार बिना किसी उकसावे के गाजा पर हवाई हमले किए। हालांकि उसका दावा है कि गाजा की ओर से मिसाइल दागी गई। इजराइल के सैन्य हमले में अब तक बयालीस हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। बमबारी से बचने के लिए नागरिक भूखे-प्यासे मारे-मारे फिर रहे हैं। अफसोसनाक यह भी है कि उन तक मानवीय सहायता भी नहीं पहुंचने दी जा रही।

बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। ऐसा लगता है कि इजराइल किसी भी नियम और शर्त को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। उसने संघर्ष विराम के बावजूद कर गाजा पर भारी हवाई हमले किए, जिसमें पांच सौ बानबे लोगों की मौत हो गई। सवाल है कि इजराइल ने ऐसा क्यों किया? हमास के साथ उसका अस्थायी संघर्ष विराम इसलिए हुआ था, ताकि हमले में अपहृत बंधकों को छोड़ दिया जाएगा। हमास ने कुछ बंधक छोड़े भी। यह प्रक्रिया चल ही रही थी कि अब दोनों पक्ष एक दूसरे पर शर्तों के उल्लंघन के आरोप लगा रहे हैं।

### इजराइल ने दोबारा हमले कर कर दिया साफ

वर्चस्व के इस जंग के बीच आम फिलिस्तीनी दयनीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। संघर्ष विराम टूटने के बाद गाजा क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर होने का अंदेशा है। इजराइल ने दोबारा हमले कर साफ कर दिया है कि शांति प्रयासों में उसकी कोई रुचि नहीं है। वह अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए गाजा को तबाह कर देने पर आमादा है। यह अजीब बात है कि वह हमले के बीच युद्धविराम से जुड़ी वार्ताएं जारी रखने की बात कर रहा है। उसने बुधवार को दोबारा हमले किए, जिससे पचासी नागरिकों की मौत हो गई। ये हमले उस समय हुए, जब ज्यादातर लोग घरों में सो रहे थे। शांति और समस्या के हल की कोशिश के बजाय इजराइल ने इस बार उत्तरी गाजा पर शिकंजा कस दिया है। इससे फिलिस्तीनी नागरिकों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। सवाल है कि उन आम लोगों के मानवाधिकारों का हनन कब तक होता रहेगा, जो युद्ध के लिए जिम्मेदार नहीं हैं!

# जल संकट : बारिश की हर बूंद को सहेजना होगा

इस वर्ष मौसम ने होली से पहले ही तीखे तेवर दिखाने शुरू कर दिए। अब जितनी अधिक गर्मी होगी, पीने, स्नान, खेत और कारखानों आदि के लिए उतनी ही जल की मांग बढ़ेगी। धरती पर पानी की जरूरत या तो बरसात से पूरी होती है या फिर ग्लेशियरों से। गर्मी के अनियंत्रित होने से इन दोनों जल स्त्रोतों का गणित बिगड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन की तीखी मार के चलते बरसात का मौसम अब अनिश्चित-सा हो गया है। अभी से अधिकांश छोटी नदियां सूख गई हैं। इसका सीधा असर तालाबों, कुओं, नहरों और बावड़ियों पर दिख रहा है।

देश में अत्यधिक जल दोहन तथा अकुशल प्रबंधन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है। इसके परिणामस्वरूप आने वाले समय में देश को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में हमें इस जल संकट से निपटने के लिए तैयारी करनी होगी। तैयारी का कोई जटिल फार्मूला नहीं है। बस हमें पुरखों ने पानी की हर बूंद को सहेजने के जो जंतर दिए थे, उन्हें सिद्ध कर रखना होगा।



भारत में विश्व की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है, जबकि देश में पीने योग्य जल संसाधनों का मात्र चार प्रतिशत भाग ही उपलब्ध है। जल गुणवत्ता सूचकांक में भारत 122 देशों में 120वें स्थान पर है और देश के लगभग 70 प्रतिशत जल स्त्रोत प्रदूषित हैं। जल संसाधन मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2050 तक हमारी जल की आवश्यकता 1,180 अरब घन मीटर होने की संभावना है। देश में जल की उपलब्धता वर्तमान में 1,137 अरब घन मीटर है। 2030 तक देश की 40 प्रतिशत आबादी को पीने योग्य स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं होगा।

यदि भारत के ग्रामीण जीवन और खेती को बचाना है तो बारिश की हर बूंद को सहेजने के अलावा और कोई चारा नहीं है। अनुभव बताता है कि भारी भरकम बजट, राहत, नलकूप जैसे शब्द जल संकट का निदान नहीं हैं। करोड़ों-अरबों की लागत से बने बांध सौ साल भी नहीं चलते, जबकि हमारे पारंपरिक ज्ञान से बनी जल संरचनाएं उपेक्षा, बेपरवाही के बावजूद आज भी पानीदार हैं। हमारे देश की नियति है कि थोड़ा ज्यादा वर्षा हो जाए तो पानी समेटने के साधन नहीं बचते और कम बारिश हो तो ऐसा रिजर्व स्टाक नहीं दिखता, जिससे काम चलाया जा सके। देश के बहुत बड़े हिस्से के लिए अल्प वर्षा नई बात नहीं है और न ही वहां के समाज के लिए कम पानी में गुजारा करना, लेकिन बीते पांच दशक के दौरान आधुनिकता की आंधी में दफन हो गए हजारों तालाबों और पारंपरिक जल प्रणालियों के चलते ही हालात बिगड़े हैं।

मध्य प्रदेश के तीन लाख की आबादी वाले बुरहानपुर शहर में कोई 18 लाख लीटर पानी प्रतिदिन एक ऐसी प्रणाली के माध्यम से वितरित होता है, जिसका निर्माण 1615 में किया गया था। इस प्रणाली को 'भंडारा' कहा जाता है। हमारे पुरखों ने हजारों साल पहले देश, काल, परिस्थिति के अनुसार बारिश के पानी को समेटने की कई प्रणालियां विकसित एवं संरक्षित की थीं। घरों की जरूरत यानी पेयजल एवं खाना बनाने के लिए मीठे पानी का साधन कुआं कभी घर-आंगन में हुआ करता था।

हरियाणा से मालवा तक जोहड़ जमीन की नमी बरकरार रखने की प्राकृतिक संरचनाएं हैं। ये आमतौर पर वर्षा-जल के बहाव क्षेत्र में पानी रोकने के प्राकृतिक या कृत्रिम बांध के साथ छोटे तालाब की मानिंद होते हैं। तेज ढलान पर पानी की धारा को रोकने की पद्धति ''पाट'' पहाड़ी क्षेत्रों में बहुत लोकप्रिय रही है। एक नहर या नाली के जरिये किसी पक्के बांध तक पानी ले जाने की प्रणाली ''नाड़ा या बंधा'' अब देखने को नहीं मिल रहा है। कुंड और बावड़ियां महज जल संरक्षण के साधन नहीं, बल्कि हमारी स्थापत्य कला का बेहतरीन नमूना भी रही हैं। आज जरूरत है कि ऐसी ही पारंपरिक प्रणालियों को पुनर्जीवित करने के लिए खास योजना बनाई जाए एवं इसकी जिम्मेदारी स्थानीय समाज को दी जाए।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

आत्मा को पूर्ण तृप्ति तभी मिलती है जब वो वापस परमात्मा में लीन हो जाती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# मणिपुर में टकराव के नए कारक

मणिपुर पहले ही जातीय टकराव और हिंसा के दौर में झुलस रहा है और अब तक वहां शांति के लिए की गई तमाम कवायदों का कोई ठोस हासिल सामने नहीं आया है। करीब पौने दो वर्ष पहले वहां शुरू हुई हिंसा और उसके बाद अराजकता का माहौल आज भी कमोबेश जारी है और उसके हल का रास्ता सरकार नहीं निकाल सकी है। मणिपुर में लगातार जारी अशांति के मुख्य कारणों को संबोधित करके जहां उसका कोई समाधान निकालने के लिए सभी स्तरों पर हर संभव उपाय किए जाने चाहिए थे, वहां हालत यह है कि अब राज्य में टकराव के नए कारक पैदा हो रहे हैं, नए क्षेत्रों में हिंसा का विस्तार हो रहा है और उससे हालात और ज्यादा बिगड़ने की आशंका खड़ी हो रही है।

सवाल है कि केंद्र से लेकर राज्य तक का समूचा सरकारी तंत्र वहां के ज्यादातर इलाकों में पसरी अराजकता की स्थिति को संभालने और शांति कायम करने के प्रयासों में किन वजहों से नाकाम साबित हुआ है। इसका कारण सिर्फ हालात की जटिलता है या समस्या का हल निकालने के प्रति दूरदर्शिता की कमी और उदासीनता? आखिर क्या वजह है कि मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो के अलावा दूसरी जनजातियां भी अलग मुद्दों पर आमने-सामने खड़ी हो रही हैं?

गौरतलब है कि राज्य के अशांत चूड़ाचांदपुर जिले में कुछ दिन पहले हमार समुदाय के एक नेता पर हमला होने के बाद जोमी समुदाय के साथ हमार समुदाय के लोगों की झड़पें शुरू हो गई थीं। हालांकि इसके बाद हमार और जोमी समुदायों के शीर्ष निकायों ने पहल की



और उसके बाद दोनों पक्षों के बीच शांति के लिए समझौता हुआ। मगर यह अफसोसनाक है कि उस समझौते पर कुछ देर अमल करना भी जरूरी नहीं समझा गया और दोनों समुदायों के बीच फिर हिंसा होने लगीं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई।

इस बीच जिले के उच्च अधिकारियों और खुद कुकी-जो समुदाय के विधायकों ने शांति के लिए अपील की। मगर इन सबका कोई असर नहीं पड़ा। सवाल है कि हिंसक टकराव में शामिल दोनों पक्षों के बरक्स सरकारी तंत्र को क्या इस बात की आशंका नहीं थी कि वहां जैसा माहौल अभी बना हुआ है, उसमें एक मामूली-सी चिंगारी भी फिर से हिंसा की आग को भड़का दे सकती है?

हिंसा और अराजकता को पूरी तरह रोकने और खत्म करने के प्रति सरकार की उदासीनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक छोटे राज्य में हिंसा की शुरूआत के अब दो वर्ष होने जा रहे हैं और आज भी मुख्य समस्या के हल का कोई रास्ता सामने नजर नहीं आ रहा है। निश्चित रूप से यह स्थिति टकराव और हिंसा में शामिल समुदायों के बीच असंतोष के कायम रहने का नतीजा है, लेकिन समस्या का हल निकालने से लेकर हिंसा पर काबू पाने के सभी अधिकार हाथ में होने के बावजूद सरकार और उसका समूचा तंत्र इस मसले पर किन वजहों से पूरी तरह नाकाम दिखता है?

मणिपुर में अब राष्ट्रपति शासन लागू है। मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले पर मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुई हिंसा पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से उठाए गए तमाम प्रयासों और दावों के बावजूद अब तक पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अब अलग मुद्दों के साथ नए समुदायों के बीच जिस तरह का टकराव खड़ा हो रहा है, अगर समय रहते उसे थामने के लिए ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम नहीं किया गया तो इसके नतीजों का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

# 12 साल के बच्चे ने बना डाली जादुई साइकिल!

**जरा हट के**

भा पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ रही हैं, ऐसे में कई लोग सौर ऊर्जा को सस्ते विकल्प के रूप में देख रहे हैं. साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहनों का भी निर्माण हो रहा है. लेकिन, सोलापुर के एक 12 साल के बच्चे ने सोलर साइकिल बनाई है.

इस बच्चे का नाम अब्दुल्ला इमरान मंगलगिरी है और उसने सिर्फ 9 हजार रुपये में यह साइकिल तैयार की है. खास बात यह है कि सौर ऊर्जा और बैटरी पर चलने वाली इस साइकिल को बैटरी खत्म होने पर पैडल से भी चलाया जा सकता है.

अब्दुल्ला इमरान मंगलगिरी 12 साल का छात्र है और सोलापुर के पानगल स्कूल में पढ़ता है. मदिना चौक में रहने वाले अब्दुल्ला को विभिन्न प्रयोग करने का शौक है.

इसी शौक के चलते उसने साइकिल और कुछ पुराने सामान इकट्ठा करके सोलर



साइकिल बनाई है. इस साइकिल को बनाने में उसे 6 महीने का समय और 9 हजार रुपये का खर्च आया है, लेकिन उसका यह प्रयोग सफल रहा है और उसकी हर जगह तारीफ हो रही है.

साइकिल के हैंडल पर लगे सोलर पैनल के माध्यम से बैटरी चार्ज होती है. इतना ही नहीं, साइकिल में डिजिटल स्पीडोमीटर, सेंट्रल लॉक सिस्टम, जीपीएस ट्रैकिंग, वॉइस कंट्रोल और नेविगेशन जैसी विशेषताएं भी जोड़ी गई हैं. यह साइकिल बैटरी पर 25 किमी और पूरे दिन सौर ऊर्जा पर चल सकती है. खास बात यह है कि उसने पूरी साइकिल सिर्फ 9 हजार रुपये में तैयार की है.

अब्दुल्ला ने कई परीक्षणों के बाद इस ई-साइकिल को बनाया है. साइकिल के हैंडल के पास सोलर पैनल लगाया गया है और बीच के पाइप के पास बैटरी लगाई गई है. बैटरी को पूरी तरह चार्ज करने के लिए इस साइकिल को 5 से 6 घंटे तक पूरी धूप में रखना पड़ता है. इसके बाद यह बिना किसी रुकावट के चलती है. इतना ही नहीं, धूप न होने पर भी इसे इलेक्ट्रिक सॉकेट के माध्यम से चार्ज किया जा सकता है. इस अनोखी ई-साइकिल ने सड़क पर कई लोगों का ध्यान खींचा

# हरी मिर्च और हरे टमाटर की सब्जी

**खाना-खजाना**

**सामग्री :**

- बड़ी वाली हरी मिर्च – 10-12 (बीच से कटे हुए)
- हरे टमाटर – 4-5 (मध्यम आकार के, छोटे टुकड़ों में कटे हुए)
- सरसों के दाने– 1/2 छोटा चम्मच
- हींग– 1 चुटकी
- हल्दी पाउडर– 1/2 छोटा चम्मच
- धनिया पाउडर– 1 छोटा चम्मच
- जीरा पाउडर– 1/2 छोटा चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर – 1/2 छोटा चम्मच (वैकल्पिक)
- गरम मसाला – 1/2 छोटा चम्मच
- नमक– स्वादानुसार
- गुड़– 1 छोटा चम्मच
- तेल– 2 बड़े चम्मच
- कटा हुआ हरा धनिया – गार्निश के लिए

**विधि :**

सबसे पहले हरी मिर्च को बीच से लंबाई में काट लें। अगर तीखापन थोड़ा कम चाहिए, तो इनके बीज निकाल सकते हैं। हरे टमाटर को छोटे टुकड़ों में काट लें।

अब तड़का लगाएं, इसके लिए एक कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें सरसों के दाने डालें।जब सरसों के दाने चटकने लगे, तो उसमें हींग डालें।



अब हरी मिर्च भूनें अब इसमें कटी हुई हरी मिर्च डालें और धीमी आंच पर 2-3 मिनट तक भूनें, जब तक वे हल्की सॉफ्ट न हो जाएं। - अब कटे हुए हरे टमाटर डालें और 3-4 मिनट तक चलाते हुए पकाएं।

अब इसमें हल्दी, धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालें।अच्छे से मिलाएं और ढककर 7-8 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें, जिससे टमाटर नरम हो जाएं। जब टमाटर अच्छे से गल जाएं और मसाले मिक्स हो जाएं, तब इसमें गुड़ और गरम मसाला डालें। अच्छे से मिलाकर 2-3 मिनट और पकाएं, जिससे सब्जी का स्वाद बैलेंस हो जाए। अब गैस बंद कर दें और ऊपर से ताजा कटा हुआ हरा धनिया डालें।

# घर के बड़ों की ये आदतें बच्चों के लिए बन जाती हैं परेशानी का सबब

**■ जिंदगी भर रहते हैं तनाव में**

घर के बड़ों की कुछ आदतें बच्चों की जिंदगी खराब कर देती हैं। घर के बड़े कई बार इस तरह की आदतें अपना लेते हैं जिनका असर बच्चों के जीवन पर पड़ने लगता है। ऐसे में आज हम आपको बता रहे हैं कि घर के बड़ों की कुछ आदतें उनके बच्चों के जीवन को बर्बाद कर देती हैं। आज हम आपको यहां 5 आदतें बता रहे हैं जो बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं।

### 1. बहुत ज्यादा उम्मीदें रखना

जब घर के बड़े बच्चों से अत्यधिक अपेक्षाएं रखते हैं, तो यह बच्चों के लिए तनाव का कारण बन सकता है। बच्चे अपने बड़ों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए दबाव में आ सकते हैं और यदि वे असफल होते हैं, तो उन्हें आत्म-संदेह और तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

### 2. बच्चों की आलोचना करना

बड़े ही जब बच्चों की आलोचना करने लगते हैं तो बच्चे हीन भावना का शिकार हो जाते हैं। घर के बड़े बच्चों की आलोचना करते हैं, तो यह बच्चों के लिए आत्म-सम्मान को कम करने वाला हो सकता है। आलोचनात्मक व्यवहार बच्चों को यह महसूस करा सकता है कि वे कभी भी पर्याप्त नहीं हैं और यह उन्हें तनाव और चिंता की ओर धकेल देता है जो कई बार काफी खतरनाक हो सकता है।



### 3. बच्चों से सही से बात नहीं करना

अक्सर देखा जाता है कि घर के बड़े कई बार बच्चों से सीधे मुंह बात तक नहीं करते। जब घर के बड़े बच्चों से सही से बात नहीं करते तो बच्चे भावनात्मक रूप से खुद को अकेला समझने लगते हैं। बच्चों में खालीपन और और अकेले रहने की आदत हो जाती है। इसलिए हमेशा बच्चों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए।

### 4. इमोशनल सपोर्ट की कमी करना

जब घर के बड़े बच्चों की भावनाओं को उपेक्षित करते हैं, तो यह बच्चों के लिए आत्म-सम्मान को कम करने वाला हो सकता है। हर बच्चे को अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और उन्हें समझने की जरूरत होती है। लेकिन जब ये उन्हें नहीं मिलता है तो वे तनाव और चिंता की ओर चले जाते हैं।

### 5. बहुत ज्यादा सख्ती

जब घर के बड़े बच्चों पर बहुत ज्यादा सख्ती रखते हैं। बच्चों पर सख्ती रखना बुरी बात नहीं है। लेकिन बहुत ज्यादा सख्ती बच्चों को त्रस्त कर देती है। ऐसे में बड़ों को कभी भी बच्चों पर बहुत ज्यादा सख्ती नहीं दिखानी चाहिए। बच्चों पर बहुत ज्यादा सख्ती उन्हें फिर गलत राह पर ले जाती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे।

**मिथुन :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**सिंह :** पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। कुसंगति से हानि होगी।

**कन्या :** पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु :** यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मकर :** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ :** नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी।

**मीन :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# चिपचिपी और ऑयली स्किन से हैं परेशान...

## तो मुल्तानी मिट्टी और आलू के रस से बनाएं ये फेस पैक

अगर आपकी स्किन पर दाग-धब्बे हैं या चेहरा बेजान और रूखा लगने लगा है, तो एक आसान और असरदार नुस्खा इसे ठीक कर सकता है. मुल्तानी मिट्टी, आलू का रस, हल्दी, दही और नींबू का यह फेस पैक न सिर्फ चेहरे की रंगत निखारने में मदद करता है बल्कि त्वचा को साफ और मुलायम भी बनाता है. इसे बनाना भी बहुत आसान है और सभी चीजें आपके घर में आसानी से मिल जाती है. इस फेस पैक को बनाने के लिए एक साफ कटोरी में दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी, एक चम्मच आलू का रस, आधा चम्मच हल्दी, एक चम्मच दही और एक चम्मच नींबू का रस डालें. सभी चीजों को अच्छे से मिलाकर गाढ़ा और चिकना पेस्ट बना लें यह पेस्ट लगाने के लिए बिल्कुल तैयार है.

### चेहरे को साफ करना है जरूरी

पेस्ट तैयार करने के बाद, सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से साफ कर लें. इसके बाद, अब इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर समान रूप से लगाएं, आंखों और होंठों के आसपास यह पेस्ट न लगाएं. इसे चेहरे पर पूरी तरह से सूखने दें. आमतौर पर इसे सूखने में 15



से 20 मिनट का समय लगता है. जब यह फेस पैक सूख जाए तो अपने चेहरे पर ताजे पानी के छींटे मारें और हल्के हाथों से धीरे-धीरे मसाज करते हुए इसे धो लें. इससे आपकी त्वचा को नमी मिलेगी और फेस पैक अच्छे से साफ हो जाएगा.

### आलू का रस दाग-धब्बों को करता है हल्का

मुल्तानी मिट्टी त्वचा से अतिरिक्त तेल हटाकर उसे साफ और ताजगी प्रदान करती है. आलू का रस दाग-धब्बों को हल्का करने और रंगत निखारने में मदद करता है. हल्दी में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो मुंहासों और सूजन को कम करने में मदद करते हैं. दही त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और उसे मुलायम बनाता है. नींबू का रस त्वचा की रंगत सुधारता है और उसमें निखार लाता है.

### हफ्ते में एक या दो बार करें इस्तेमाल

अगर आप चाहते हैं कि आपकी त्वचा साफ और चमकदार दिखे तो इस फेस पैक का इस्तेमाल हफ्ते में एक या दो बार करें. नियमित रूप से इसे इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा में निखार आएगा और दाग-धब्बे धीरे-धीरे हल्के हो जाएंगे. अगर आपकी त्वचा संवेदनशील है, तो इस पैक को लगाने से पहले एक बार पैच टेस्ट जरूर कर लें. यह नुस्खा पूरी तरह से प्राकृतिक चीजों से बना है और इसे आजमाकर आप पा सकते हैं साफ मुलायम और खूबसूरत त्वचा.

# लेमनग्रास की चाय पीने के फायदे

**गर्मी में लेमनग्रास की चाय न केवल शरीर को ठंडा रखती है बल्कि पेट की समस्याओं, तनाव और सिरदर्द को दूर करने में भी कारगर होती है। यह पाचन को दुरुस्त रखने, वजन कम करने और हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करती है। अगर आप गर्मियों में हेल्दी ड्रिंक की तलाश कर रहे हैं तो लेमनग्रास टी को अपनी दिनचर्या में जरूर शामिल करें। हम आपको गर्मी में लेमनग्रास टी पीने के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं विस्तार से–**



### बॉडी को रखे हाइड्रेट

लेमनग्रास की चाय एक हेल्दी और हाइड्रेटिंग ड्रिंक है। अगर आप गर्मी में रोजाना एक कप लेमनग्रास टी पीते हैं तो ये आपके शरीर में पानी की कमी को पूरा करती है। आप अगर इसे खाली पेट पीते हैं तो और ज्यादा फायदेमंद है।

### पेट को रखे स्वस्थ

पेट के लिए भी लेमनग्रास टी बेहद फायदेमंद मानी जाती है। यह आंत में सूजन को दूर करती है। पाचन तंत्र को बेहतर बनाने में मददगार है। ये पेट संबंधी समस्याओं को दूर रखने और उनसे छुटकारा दलिाने में भी सहायक है।

### शरीर को करे डिटॉक्सिफाई

अगर आप रोज सुबह खाली पेट लेमनग्रास की चाय पीते हैं तो इससे शरीर की गंदगी बाहर निकलती है। ये फ्री-रेडिकल्स के साथ ही अन्य हानिकारक कणों को भी नष्ट करने में मददगार है। इस चाय को पीने से खून की सफाई होती है। जब आपका खून साफ होता है तो स्कनि भी ग्लोइंग नजर आती है।

### वजन को करे कंट्रोल

लेमनग्रास में मौजूद सिट्रल मोटापे को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है। यह पेट की चर्बी को तेजी से कम करता है। रोजाना लेमनग्रास चाय पीने से आपको तेजी से वजन कम करने में मदद मिल सकती है। हालांकि डॉक्टर की सलाह से ही इसको अपनी डाइट में शामलि करें।

### तनाव से दलिाए राहत

लेमनग्रास की चाय तनाव कम करने में मदद कर सकती है। लेमनग्रास में एंटीडिप्रेसेंट गुण होते हैं जो चिंता और अवसाद के लक्षणों से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यमुना में जल परिवहन की तैयारी, कानपुर-बुंदेलखंड से जुड़ेगा प्रयागराज

**कानपुर।** यमुना नदी में जालौन के कालपी में पचनद से लगभग 248 किमी जल परिवहन मार्ग से कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र को सीधे प्रयागराज में गंगा-यमुना व सरस्वती नदियों के संगम से जोड़ने की तैयारी है। परियोजना को कानपुर रीजन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट अथारिटी (क्रीडा) में शामिल करने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। बुंदेलखंड के जालौन के कालपी से कानपुर देहात के भोगनीपुर, हमीरपुर व कानपुर की सीमा पर घाटमपुर, फतेहपुर, चित्रकूट व कौशांबी होकर प्रयागराज तक जलमार्ग से माल परिवहन, औद्योगिक नगरी कानपुर को बड़े विकास क्षेत्र के रूप में विकसित करने के लिए 28 मार्च, 2024 को तत्कालीन मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा को प्रस्ताव भेजा गया था। तब उत्तर प्रदेश जल परिवहन प्राधिकरण गठन की प्रक्रिया में था।

### स्पा में सहमति से शारीरिक संबंध मानव तस्करी का अपराध नहीं: हाई कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि स्पा में किसी महिला का ग्राहक होना या सहमति से यौन संबंध में लिप्त रहते पकड़े जाने से मानव तस्करी का अपराध साबित नहीं होता। कोर्ट ने कहा, धारा 370 भारतीय दंड संहिता में मानव तस्करी में शोषण के लिए भर्ती करना, परिवहन, स्थानांतरण या प्राप्त करना शामिल है। ये तथ्य याची के मामले में लागू नहीं होते। यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने गौतमबुद्धनगर, नोएडा के सेक्टर 49 थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोपित विपुल कोहली की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका में आपराधिक केस रद करने की मांग की गई थी। पुलिस ने याची को 20 मई 2024 को स्पा सेंटर में छापा मारकर महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा था। उसके खिलाफ आइपीसी की धारा 370 एवं अनैतिक देह व्यापार प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3, 4, 5, 6 के अंतर्गत प्राथमिकी लिखी गई।

### लड़के को पागल समझकर थाने से भगाया लोगों ने बताया हत्यारा तो दंग रह गई पुलिस

**प्रयागराज।** यमुनानगर में कौंधियारा थाना अंतर्गत सेहरा गांव में गुरुवार देर रात दिल दहला देने वाली घटना हुई। 16 वर्षीय किशोर ने अपने 52 वर्षीय पिता भरत लाल पटेल को लोहे की राड से पीट-पीटकर मार डाला। नशे की हालत में हत्या में प्रयुक्त राड को लेकर वह कौंधियारा थाने भी पहुंच गया। मौजूद पुलिसकर्मियों से बोला कि उसने अपने पिता की हत्या कर दी है। पुलिसकर्मियों ने उसे विक्षिप्त समझा और थाने से भगा दिया, लेकिन पलभर में ही कुछ लोगों ने बताया कि वह सही बोल रहा है। उसने अपने पिता की हत्या की है। यह सुनते ही पुलिसकर्मी दंग रह गए और उसे गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार सुबह मृतक की सबसे छोटी पुत्री नेहा ने तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना प्रभारी कौंधियारा कुलदीप शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे तो कमरे में भरत लाल की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में राड से प्रहार किया गया था। मृतक के बेटियों को जानकारी दी गई।

शुक्रवार दोपहर में सबसे छोटी पुत्री नेहा थाने पहुंची और तहरीर देकर अपने भाई के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया।

# आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज का म्यूजियम बनेगा

- **कोठी मीना बाजार में औरंगजेब ने मराठा योद्धा को नजरबंद किया था**

**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने शुक्रवार को एक गवर्नमेंट रेजोल्यूशन (GR) जारी किया। अब महाराष्ट्र सरकार उत्तर प्रदेश के आगरा की उस जगह (कोठी मीना बाजार) को खरीदेगी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज मुगलों को औरंगजेब ने नजरबंद किया था। यहां म्यूजियम बनाने की तैयारी है।

दरअसल, 19 फरवरी को महाराष्ट्र में एक सभा को संबोधित करते हुए CM देवेंद्र फडणवीस ने कहा था- आगरा में जहां छत्रपति शिवाजी महाराज को कैद रखा था, वहां पर स्मारक बनाएंगे। महाराष्ट्र सरकार इस जमीन का अधिग्रहण करेगी। मैं खुद योगी आदित्यनाथ से बात करुंगा। इसके बाद 12 मार्च को यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि प्रमुख सचिव (पर्यटन) मुकेश मेश्राम आगरा की मीना कोठी बाजार के डॉक्यूमेंट जल्द तैयार कर लें। वर्तमान स्टेटस रिपोर्ट मुझे भेज दें।

### आगरा के शाहगंज इलाके में है कोठी मीना बाजार

आगरा के शाहगंज इलाका में कोठी मीना बाजार का मैदान है। यहां बड़ी राजनीतिक रैलियां होती हैं। इसके एक तरफ टीले पर कोठी मीना बाजार बनी हुई है। इसकी ऊंचाई 20 फीट है, ये सिंगल स्टोरी भव्य बिल्डिंग है।






इमारत के बरामदे में ब्रिटिश काल के लकड़ी के फ्रेम लगे हुए हैं। बिल्डिंग के दोनों कोनों पर 3 परिवार केयर टेकर के रूप में रहते हैं। इन्हीं में एक हरिओम शर्मा का परिवार है। यही लोग पूरी बिल्डिंग की देखभाल 30 साल से करते आ रहे हैं। 2 अन्य परिवार बिल्डिंग की साफ-सफाई देखते हैं।

### कोठी पर लिखा- राजा जय किशन दास भवन

बरामदे के बीच वाले हॉल के गेट के ऊपर 'राजा जयकिशन दास भवन' लिखा हुआ है। कोठी मीना बाजार में 14 बड़े-बड़े हॉल हैं। इनमें से 1-2 खुले हुए हैं, बाकी पर ताला लगा हुआ है। जो कि कभी-कभी साफ-सफाई के लिए ही खुलता है। हालांकि ये सभी हॉल खाली हैं। कोठी के चारों ओर पाथ वे भी बना हुआ है।

### शिवाजी के म्यूजियम के जरिए BJP देगी संदेश

- महाराष्ट्र की सियासत में BJP और शिवसेना अलग-अलग छोर पर खड़े हैं। उद्धव गुट के लोग मराठा नेता हैं। लोगों के सेंटिमेंट शिवाजी से जुड़े हुए हैं।
- राजनीतिक जानकार मानते हैं कि महाराष्ट्र के CM देवेंद्र फडणवीस उत्तर प्रदेश में शिवाजी म्यूजियम के जरिए सियासी संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं। शिवाजी से जुड़े इतिहास की वजह से कोठी मीना बाजार को म्यूजियम में बदलने की तैयारी है।
- अगर यहां म्यूजियम बनता है तो महाराष्ट्र की सरकार हिंदुत्व का संदेश देने में कामयाब दिखेगी। फायदा यूपी में योगी सरकार को भी 2027 के विधानसभा चुनाव में हो सकता है।

# 'जनसंख्या नियंत्रण की हमें सजा न मिले'

- **परिसीमन को लेकर चेन्नई में एकजुट हुआ विपक्ष**
- **CM स्टालिन ने केंद्र पर साधा निशाना**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को परिसीमन को लेकर विपक्षी नेताओं की चेन्नई में बैठक बुलाई। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कई राज्य के मुख्यमंत्री और विपक्षी नेता इस बैठक में शामिल हुए।

बैठक में हिस्सा लेते हुए केरल के सीएम ने कहा,₹लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का प्रस्ताव हमारे सिर पर तलवार की तरह लटक रहा है। विभिन्न रिपोर्टों से पता चलता है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बिना किसी परामर्श के परिसीमन प्रक्रिया में आगे बढ़ रही है। यह अचानक उठाया गया कदम किसी संवैधानिक सिद्धांत या लोकतांत्रिक अनिवार्यताओं से प्रेरित नहीं है।₹



### मुझे अमित शाह की बातों पर यकीन नहीं: सीएम स्टालिन

बैठक में सीएम स्टालिन ने स्पष्ट किया कि विपक्ष परिसीमन के खिलाफ नहीं है बल्कि एक अनुचित फॉर्मूले के खिलाफ है, जो उन राज्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा, जिन्होंने जनसंख्या वृद्धि को सफलतापूर्वक नियंत्रित किया है।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस आश्वासन पर संदेह जताया कि आगामी परिसीमन के कारण दक्षिण भारतीय राज्य संसदीय सीटें नहीं खोएंगे। स्टालिन ने कहा कि अमित शाह की बातों पर उन्हें यकीन नहीं है।

### यह एक जनसांख्यिकीय दंड है: सीएम रेवंत रेड्डी

वहीं, मीडिया से बातचीत करते हुए तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने आरोप लगाया कि बीजेपी ₹जनसांख्यिकीय दंड₹ की नीति लागू कर रही है। उन्होंने आगे कहा, परिसीमन प्रक्रिया में लोकसभा सीटों की संख्या न बढ़ाएं.

इस बैठक में वर्चुअली तौर पर शामिल होते हुए बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक ने कहा,₹यह एक महत्वपूर्ण बैठक है। कई राज्य ऐसे हैं, जिन्होंने जनसंख्या को नियंत्रित करने और स्थिर करने के लिए बहुत अच्छा काम किया है। जनसंख्या नियंत्रण हमारे देश के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एजेंडा है। एक राष्ट्रीय एजेंडा को राज्यों के हस्तक्षेप में विकेंद्रीकृत किया गया था और पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार ने इसे उच्च प्राथमिकता दी है।

### भाजपा ने बैठक को लेकर क्या कहा?

वहीं, इस बैठक को लेकर कहा कि भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा,₹परिसीमन पर प्रदर्शन करने के बजाय, इस पर बहस करना और चर्चा करना बेहतर है और क्षेत्रों की भौगोलिक, सामाजिक, जनसंख्या के बारे में परिसीमन समिति के सामने अपनी बात रखना है। यह पहली बार नहीं है जब परिसीमन हो रहा है, यह कांग्रेस के शासन में भी हुआ था।₹

# चार धाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू



- **पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर होगा ऑनलाइन पंजीकरण**
- **दर्शन के लिए भी टोकन सुविधा**

**देहरादून.** उत्तराखंड में चार धाम यात्रा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 20 मार्च से शुरू हो गया है। यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा।

इसके लिए उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की वेबसाइट www.registrationandtouristcare.uk.gov.in रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

इस बार रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में आधार नंबर को अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा यात्रियों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ गाड़ी नंबर भी भरना होगा। इसके बाद आपको ई रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट मिलेगा, जिससे आप यात्रा पर जा सकेंगे।

### यात्रा शुरू होने पर ऑफलाइन पंजीकरण शुरू होगा

पर्यटन विकास परिषद रजिस्ट्रेशन के लिए वेबसाइट के अलावा मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप और टोल फ्री नंबर भी जारी करेगा। जिस पर कॉल कर कर आप अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

यात्रा शुरू होने के बाद हरिद्वार और ऋषिकेश में ऑफलाइन पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू होगी। जो श्रद्धालु ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कर सकते, वह ऑफलाइन पंजीकरण कर यात्रा पर जाएंगे। चारों धामों में यात्रियों को दर्शन के लिए भी टोकन व्यवस्था लागू होगी।

### 30 अप्रैल से शुरू होगी चारधाम यात्रा

इस साल चार धाम यात्रा 30 अप्रैल से शुरू हो रही है। सबसे पहले अक्षय तृतीया पर 30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। जबकि 2 मई को बाबा केदारनाथ के धाम श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे।

भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे।

# हिंदी बोलने पर बिहार के छात्रों पर हमला

- **स्टूडेंट बोला- हॉस्टल में घुसकर होती है मारपीट**
- **DSP से यूनिवर्सिटी ने कहा- हमारे बीच का मामला**

**चंडीगढ़.** पंजाब की गुरु काशी यूनिवर्सिटी में बिहार के छात्रों के साथ मारपीट हुई है। एक स्टूडेंट्स ने 21 मार्च को X पर वीडियो शेयर कर मदद की गुहार लगाई है।

छात्र का नाम अली अंजार है। वो दरभंगा जिले के कमतौल प्रखंड के बहुआरा गांव का रहने वाला है।



गुरु काशी यूनिवर्सिटी से अली बीटेक कर रहा है।

### स्टूडेंट बोला- हिंदी बोलने पर पीटते हैं

वीडियो में अली अंजार कह रहा है- 'यहां के लोकल छात्र और लोग हम पर हमले कर रहे हैं। तलवार लेकर घुस जाते हैं। सिर फाड़ दिया है कई लोगों का। गार्ड भी नहीं सुनता है।'

'पुलिस और प्रशासन हमारी नहीं सुन रहा है। बिहार के ज्यादातर स्टूडेंट्स से मारपीट हुई है। पूरा दिन हॉस्टल के अंदर रहते हैं। कपड़े और हिंदी भाषा सुनते ही मारने लगते हैं। हमारी यहां कोई सुरक्षा नहीं है।'

अली अंजार ने ये वीडियो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को टैग कर सुरक्षा की मांग की है।

# जज के बंगले से कैश मिलने का मामला

- **जस्टिस वर्मा का नाम 97.85 करोड़ रुपए के घोटाले में भी आया था**
- **2018 में CBI ने FIR की थी**

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से 15 करोड़ कैश मिलने के मामले में कार्रवाई शुरू हो गई है। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने शुक्रवार को इंटरनल इन्क्वायरी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के CJI संजीव खन्ना को सौंप दी। अब कॉलेजियम इस पर आगे की कार्रवाई करेगा। इससे पहले 2018 में गाजियाबाद की सिम्भावली शुगर मिल में गड़बड़ी के मामले में जस्टिस वर्मा के खिलाफ CBI ने FIR दर्ज की थी। NDTV की रिपोर्ट के मुताबिक ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स ने मिल में गड़बड़ी की शिकायत की थी।



शिकायत में कहा था कि शुगर मिल ने किसानों के लिए जारी किए गए 97.85 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया है।

जस्टिस वर्मा तब कंपनी के नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर थे। इस मामले में CBI ने जांच शुरू की थी। हालांकि, जांच धीमी होती चले गई।

फरवरी 2024 में एक अदालत ने CBI को बंद पड़ी जांच दोबारा शुरू करने का आदेश दिया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को पलट दिया और CBI ने जांच बंद कर दी।

# BJP नेता ने पत्नी और 3 बच्चों को मारी गोली

- **सहारनपुर में 2 बच्चों की मौत, पत्नी और एक बेटा गंभीर**

**सहारनपुर.** यूपी के सहारनपुर में दिल दहलाने वाली वारदात हुई है। शनिवार दोपहर यहां भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष योगेश रोहिला ने पत्नी और 3 बच्चों को गोली मार दी।

इसमें 11 साल की बेटी श्रद्धा और बेटे शिवांश उर्फ शिवा (4) की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी नेहा (31) और एक बेटे देवांश (6) की हालत गंभीर है। ग्रामीणों ने आरोपी योगेश रोहिला को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वारदात गंगोह कस्बे की है।



पुलिस के मुताबिक, शनिवार दोपहर 2 से 3 बजे के बीच भाजपा नेता ने लाइसेंसी पिस्टल से वारदात को अंजाम दिया। ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़कर उसके घर पर पहुंचे। अंदर की सीन देखकर लोग कांप गए। पत्नी और 3 बच्चे खून से लथपथ पड़े थे। पास में ही भाजपा नेता खड़ा था। उसने भागने की कोशिश की, तो भीड़ ने उनको दौड़ाकर पकड़ लिया। अभी तक की पुलिस जांच में सामने आया है कि भाजपा नेता ने पत्नी के अवैध संबंधों के शक में यह हत्याकांड किया है। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इस पर सीनियर अफसर मौके पर पहुंचे। तुरंत चारों लोगों को अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने 2 को मृत घोषित कर दिया।

### पत्नी-बेटे को दौड़ाकर मारी गोली

वारदात के बाद गुस्साए लोगों ने भाजपा नेता को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। कहा जा रहा है कि भाजपा नेता ने घर में बेटी को गोली मारी, तो पत्नी बचने के लिए खुद ओर बेटे को लेकर भाग रही थी। लेकिन उसने दौड़ाकर उन दोनों को भी गोली मार दी। एसएसपी रोहित सिंह साजवान ने बताया कि आरोपी योगेश रोहिला ने पुलिस को फोन कर बताया कि उसने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को गोली मार दी है। वह अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर परेशान था। इसलिए उसने लाइसेंसी पिस्टल से चारों को गोली मार दी।

### बेंगलुरु में तेज बारिश

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के बेंगलुरु में शनिवार को दिन भर से तेज बारिश जारी है। इसके चलते बेंगलुरु आने वाले 10 फ्लाइट्स को चेन्नई डायवर्ट किया गया। खराब मौसम के कारण एयरपोर्ट पर उड़ानें लैंड नहीं कर सकीं।

भारी बारिश के कारण बेंगलुरु की कई सड़कों पर पानी भरा हुआ है। इसके कारण लंबा जाम भी लग रही है। बारिश के साथ तेज हवा भी चली। इसके कारण कई इलाकों में पेड़ उखड़े। नगर निगम की टीमों पेड़ काटकर रास्ता खोला।

वहीं, ओडिशा में भी आज आंधी-तूफान का अलर्ट है। मौसम का असर जंगल सफारी पर भी पड़ रहा है।

# छात्रा का यौन उत्पीड़न : प्रोफेसर गिरफ्तार

**सिलचर.** असम के सिलचर में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (NIT) के एक असिस्टेंट प्रोफेसर को छात्रा का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी टीचर की पहचान कोटेश्वर राजू धेनुकोंडा के रूप में हुई है। पीड़ित की शिकायत पर प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया गया है।

पीड़ित छात्रा की शिकायत के मुताबिक, प्रोफेसर ने मुझे अपने पास बैठने के लिए कहा और मुझसे पूछा कि मुझे कम अंक क्यों मिले। उसने मेरे हाथ पकड़ना शुरू कर दिया और मेरी उंगलियों को छुआ।



फिर उसने धीरे-धीरे मेरी जांघों को पकड़ लिया।

छात्रा ने बताया कि फिर उसने मेरे सामने अपने कंप्यूटर में अश्लील गाने बजाए। मेरे पेट को छुआ और रगड़ा। मैं रोने लगी, लेकिन वह नहीं रुका। उसने मुझे कहा कि पैरों को फैलाकर बैठो। इसके बाद उसने पीछे से मेरी गर्दन पकड़ी। पीड़ित स्टूडेंट ने कहा कि मैं अपने दोस्त के फोन करने पर भाग निकली, जो प्रोफेसर के चेंबर के बाहर इंतजार कर रहा था।

### जिस चेंबर में घटना हुई, उसे सील किया गया

घटना 20 मार्च की है। आरोपी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर था। स्टूडेंट ने इंस्टीट्यूट को दी लिखित शिकायत में बताया कि प्रोफेसर ने उसे कम ग्रेड पर चर्चा करने के लिए अपने चेंबर में बुलाया था।

# भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 की मेजबानी के लिए बिड किया

- **अहमदाबाद में हो सकता है आयोजन**
- **गुजरात सरकार तैयारी कर रही**

भारत कॉमनवेल्थ गेम्स-2030 की मेजबानी कर सकता है। गेम्स का आयोजन गुजरात में होगा। इसके लिए भारत ने बिड किया है। PTI ने केंद्रीय खेल मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह दावा किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, मेजबानी के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट समिट करने की आखिरी तारीख 31 मार्च है। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन (IOA) ने कुछ दिन पहले ही लेटर भेजा है। सूत्र ने न्यूज एजेंसी से कहा- 'यह सच है। भारत की ओर से IOA और गुजरात सरकार ने बिडिंग की है।

अगर भारत को मेजबानी मिलती है, तो इंडिया में दूसरी बार इन गेम्स की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2010 के CWG की मेजबानी की थी, तब नई दिल्ली में मुकाबले आयोजित हुए थे।



### पिछले साल 2036 ओलिंपिक के लिए दावेदारी की थी

CWG के अलावा, भारत 2036 के ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है। पिछले साल नवंबर में भारत ने ओलिंपिक गेम्स-2036 की मेजबानी हासिल करने के लिए दावेदारी पेश की थी।

2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लॉस एंजिलिस में होने हैं।

### 2 एशियन भी करा चुका है भारत

भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है। इनमें 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स, 1982 और 1951 के एशियन गेम्स शामिल हैं।

# हरियाणा में महायज्ञ में आए ब्राह्मणों पर फायरिंग

- **लखनऊ के ब्राह्मण को लगी गोली**
- **गुस्साए ब्राह्मणों ने तोड़फोड़-पथराव किया**
- **बासी खाने पर झगड़ा हुआ**

**कुरुक्षेत्र.** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में महायज्ञ में आए ब्राह्मणों पर शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे आयोजकों के सुरक्षा गार्डों ने फायरिंग कर दी। जिसमें लखनऊ से आए ब्राह्मण आशीष तिवारी को गोली लग गई। इससे ब्राह्मण भड़क गए। इसके बाद उनकी और आयोजकों के हायर निजी एजेंसी के सुरक्षा गार्डों के बीच मारपीट हुई। इसमें लखीमपुर के रहने वाले प्रिंस शुक्ला भी जख्मी हो गए। दूसरे करीब 20-21 ब्राह्मणों को भी चोटें लगी हैं।

इसके बाद ब्राह्मण भड़क गए। वह यज्ञशाला से बाहर निकले और तोड़फोड़ व पथराव शुरू कर दिया। गुस्साए ब्राह्मणों ने महायज्ञ की यज्ञशाला का मुख्य द्वार तोड़ दिया। डंडे-पत्थरों से रोड पर लगे बैनर-होर्डिंग भी फाड़ दिए। फिर उन्होंने थीम पार्क के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड पर जाम लगा दिया। वहां से गुजरने वाली गाड़ियों को जबरन रोकना शुरू कर दिया।

बवाल मचने का पता चलते ही कुरुक्षेत्र पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने ब्राह्मणों को शांत करने की कोशिश की। जब वे नहीं माने तो पुलिस ने हलका लाठीचार्ज कर ब्राह्मणों को वहां से हटाया। फिलहाल पुलिस ने ब्राह्मणों को सड़क से हटा दिया है। शहर में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। यज्ञशाला में उज्जैन, बनारस, वृंदावन, लखनऊ, लखीमपुर, दमोह से भी ब्राह्मण यहां आए हैं। उनका आरोप है कि यहां उन्हें बासी खाना दिया जा रहा है।

वहीं पुलिस का कहना है कि एक ब्राह्मण को गोली, दूसरे को पत्थर लगा है। गोली चलाने वाले आरोपी सुरक्षाकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

18 मार्च से चल रहा महायज्ञ कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में 1008 कुंडीय शिव-शक्ति महायज्ञ हो रहा है। यह महायज्ञ 18 मार्च से शुरू हुआ था। जिसे 27 मार्च तक चलना था।


### आम सूचना

मैं श्रीमती सोनी संतोष सुसपाल सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 301, तीसरा मजला, तोलानी अपार्टमेंट, बैरक नं. 22, रुम नं. 7 व 8, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 07एआय014718900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कंचन सुंदर पहुजा के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.3.2025 सी.नं. 1181/2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सोनी संतोष सुसपाल**

### आम सूचना

मैं श्री सुर्यकांत दत्तू जाधव सभी को सूचित कर रहा हूं कि रेसिडेंशल रुम, भीमनगर, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 07एओ014721400) श्री दत्तू आर. जाधव का निधन 6.1.2011 को हुआ और श्रीमती गीताबाई दत्तू जाधव का निधन 12.1.2012 को हुआ है। उक्त प्रॉपर्टी श्री दत्तू आर. जाधव के नाम पर है। श्री चंद्रकांत दत्तू जाधव व श्री प्रकाश दत्तू जाधव से रिलीज डीड दि. 21.3.2025 सी.नं. 1186/2025 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुर्यकांत दत्तू जाधव**

### आम सूचना

हम श्री सुरेश गोपीचंद वसीयानी व श्रीमती अंजू सुरेश वसीयानी सभी को सूचित कर रहे हैं कि शॉप नं. 313, तीसरा माला, विक्रांत मार्केट, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 15एआय015791100) उक्त प्रॉपर्टी श्री गिरीश किशनचंद जग्यासी (होल्डर) के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.11.2006 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री सुरेश गोपीचंद वसीयानी व श्रीमती अंजू सुरेश वसीयानी**

## संक्षेप...

### 1 अप्रैल से सभी टोल प्लाजा पर फास्टैग अनिवार्य

**मुंबई.** फास्टैग प्रोसेस को और ज्यादा आसान बनाने के सरकार की तरफ से इसके नियमों में कुछ अपडेट किया गया है. महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम ने हाल ही में इस बात की जानकारी दी है कि 1 अप्रैल से सभी टोल प्लाजा पर फास्टैग को अनिवार्य कर दिया जाएगा.

**फास्टैग क्या होता है?**

बता दें फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टैग होता है, जो गाड़ी के फ्रंट ग्लास पर लगाया जाता है. इसको भी हमें समय समय पर उसी तरफ रिचार्ज करना होता है, जैसे हम अपने मोबाइल फोन को करते हैं. जब भी कोई गाड़ी टोल प्लाजा से निकलती है, तो गाड़ी पर लगे उस टैग को टोल पर लगी मशीन स्कैन करती है, और आपके रिचार्ज किए गए वॉलेट से पैसे अपने आप कट जाते हैं.

# नागपुर हिंसा के नुकसान की भरपाई दंगाइयों से करेगी महाराष्ट्र सरकार

- CM फडणवीस ने 'एक्शन प्लान' किया तैयार



**नागपुर।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि नागपुर हिंसा के दौरान नुकसान पहुंचाई गई संपत्तियों की कीमत दंगाइयों से वसूली जाएगी और भुगतान न करने पर उनकी संपत्तियों को जब्त कर बेचा जाएगा।

- 104 दंगाइयों की हुई पहचान

सीएम फडणवीस ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरों के वीडियो और फुटेज का विश्लेषण करने के बाद अब तक 104 दंगाइयों की पहचान की गई है और कानून के अनुसार 12 नाबालिगों सहित 92 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

फडणवीस ने कहा कि सोमवार को मध्य नागपुर क्षेत्रों में हुई हिंसा के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्धारित यात्रा प्रभावित नहीं होगी। गृह मंत्रालय का भी कार्यभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, ₹पुलिस कर्मियों पर हमला करने वाले दंगाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फडणवीस ने कहा कि इस घटना को 'खुफिया विफलता' नहीं कहा जा सकता, लेकिन खुफिया जानकारी बेहतर हो सकती थी। उन्होंने कहा, दंगाइयों ने महिला पुलिस कांस्टेबलों पर पत्थर फेंके। उनके साथ छेड़छाड़ नहीं की गई।₹ जांच पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कोई विदेशी हाथ या बांग्लादेशी लिंक सामने नहीं आया है। हिंसा का कोई राजनीतिक पहलू नहीं है।

**'चैन से नहीं बैठेगी मेरी सरकार'**

उन्होंने कहा, ₹मेरी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक पुलिस पर हमला करने वाले तत्वों का पता नहीं लग जाता और उनसे सख्ती से निपटा नहीं जाता।₹ उन्होंने कहा कि दंगों में विदेशी या बांग्लादेशी हाथ होने के बारे में टिप्पणी करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि जांच चल रही है।

# फर्जी किसान प्रमाणपत्र के जरिए आदिवासियों की जमीन हड़पने का मामला पकड़ा जोर

- भूमाफिया और तहसीलदार अधिकारी पर मिलीभगत का आरोप
- गरीब आदिवासियों की सुनवाई नहीं- विशालकुमार गुप्ता
- कोर्ट के आदेश के तहत हुई कार्रवाई
- तहसीलदार का स्पष्टीकरण







**कल्याण.** कल्याण तालुका के कांबा गांव में फर्जी किसान प्रमाणपत्र के आधार पर गरीब आदिवासियों की जमीन हड़पने का मामला सामने आया है, और फर्जी किसान प्रमाणपत्र पर आदिवासियों की जमीन हड़पने का मामला जोर पकड़ता जा रहा है,परहित चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष विशालकुमार गुप्ता ने आरोप लगाया है कि कुछ भूमाफियाओं ने कल्याण तहसीलदार कार्यालय की मिलीभगत से नकली किसान प्रमाणपत्र दिखाकर गरीब आदिवासियों की सैकड़ों एकड़ जमीन पर कब्जा जमा लिया हैं, इस प्रकरण में उन्होंने कोंकण विभाग के विभागीय महसूल आयुक्त को पत्र के द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच करने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है,

इस विषय में विशालकुमार गुप्ता ने बताया कि मौजे कांबा की सर्वे नंबर 35, 52, 64, 77, 125 की कुल 464 एकड़ जमीन आदिवासियों की है, विशाल गुप्ता ने आरोप लगाया कि संजय शहा और उनके कुछ साथियों ने फर्जी किसान प्रमाणपत्र बनाकर और खुदको किसान बताकर आदिवासियों की जमीन हथियाली,उन्होंने सवाल किया कि जो लोग किसान है ही नहीं, तो प्रशासन उनके हक में निर्णय कैसे दे सकता है? गुप्ता का आरोप है कि जानकारी मुहैया कराने के बावजूद भी कल्याण तहसीलदार मामले में कोई निष्पक्ष जांच नहीं कर रहे हैं, उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गरीब आदिवासियों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है,इससे जाहिर होता है कि इस मामले में करोड़ों का अनैतिक लेनदेन हुआ होगा.

तहसीलदार महोदय न्याय की बात नहीं कर रहे हैं जो वह कंसेंटम की बात कर रहे हैं तो हाई कोर्ट में तीन लोगों का ही हुआ है और यहां सैकड़ो लोग पीड़ित है तो जब साहूकार के साथ तीन लोगों का समझौता हो सकता है तो बाकी लोग जो पीड़ित हैं उनका भी हक अधिकार उनका मिलना चाहिए जिस तरह से समझौते का आधार तहसीलदार महोदय बोल रहे हैं उस आधार पर बाकी दर्जनों केसेस तहसीलदार महोदय के पास चल रहे हैं तो उनको भी आधा हिस्सा मिलना चाहिए क्योंकि एक के लिए अलग कानून और दूसरे के लिए अलग कानून ऐसा तो नहीं हो सकता?

वहीं इस मामले में कल्याण के तहसीलदार सचिन शेजाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह मुद्दा हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक गया था, इस मुकदमे में कई याचिकाएं दायर की गई थी, तहसीलदार ने बताया कि दोनों पक्षकारों के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने समझौते का आदेश दिया, उस आदेश का पालन करते हुए तहसीलदार कार्यालय द्वारा आगे की कार्रवाई की जा चुकी है, वहीं फर्जी किसान प्रमाणपत्र पर बोलने से तहसीलदार ने इनकार कर दिया और कहा कि हमने किसान प्रमाणपत्र नही दिया हैं,

# ऑटो रिक्शा चालकों की मनमानी रोकने की मांग

- एनसीपी की चेतावनी ....नहीं तो करेंगे उग्र आंदोलन

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** पावरलूम नगरी भिवंडी में शेयरिंग पर चल रहे ऑटोरिक्शा चालक क्षेत्रीय परिवहन विभाग ठाणे से बगैर मंजूरी लिए मनमाना किराया प्रति यात्री 15 रुपए वसूल रहे हैं जो पूर्णतया गलत है.राकांपा (अजीत पवार गट) भिवंडी शहर जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल में शामिल कई नेताओं ने भिवंडी पुलिस उपायुक्त डा.मोहन दहीकर एवं यातायात विभाग को ज्ञापन सौंपकर आटो रिक्शा चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने हेतु कारगर कदम उठाने की मांग की अन्यथा जनहित में उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है.

गौरतलब हो कि,राकांपा जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल की अगुवाई में नेताओं के प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे ज्ञापन में बताया गया है कि, भिवंडी शहर में यात्री आवागमन सुविधा की खातिर ऑटोचालकों द्वारा भिवंडी शहर में यात्री किराया वृद्धि किया जाना नियमों के खिलाफ है. आटो रिक्शा चालकों को यात्री किराए बढ़ाने के लिए ठाणे परिवहन विभाग शीर्ष अधिकारी से आवश्यक मंजरी लेना बेहद जरूरी है. ठाणे जिला परिक्षेत्र में आटो रिक्शा मीटर का किराया 3 सीटर के लिए 23 रुपए निर्धारित है. आटो रिक्शा मीटर के हिसाब से यात्री शेयरिंग में प्रति यात्री से 10 रुपए लेना चाहिए लेकिन ऑटो चालक प्रति यात्री से 15 रुपए लेकर खुल्लमखुला लूट कर रहे हैं.

राकांपा जिलाध्यक्ष पाटिल का आरोप है कि, निरंतर बढ़ती भारी महंगाई से लोग त्रस्त हैं ऐसे में आवागमन सुविधा देने के नाम पर रिक्शाचालक भी यात्रियों की जेब काटने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं.पाटिल ने पुलिस उपायुक्त डा.मोहन दहीकर सहित परिवहन विभाग के शीर्ष अधिकारियों से मांग की है कि,भिवंडी शहर में आटो रिक्शा चालकों की मनमानी रोकने हेतु शेयरिंग आटो किराया का भाड़ा सर्कुलर निकाल कर अनुपालन कराया जाए ताकि रिक्शाचालकों की मनमानी पर विराम लग सके. उन्होंने चेतावनी दी है कि,अगर आटो रिक्शा चालकों की मनमानी नहीं रुकी तो जनहित में राकांपा कार्यकर्ता भारी संख्या में सड़क पर उतरकर आंदोलन को विवश होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस एवं परिवहन विभाग की होगी.भिवंडी पुलिस उपायुक्त डा दहीकर ने राकांपा प्रतिनिधिमंडल को परिवहन विभाग से चर्चा कर उचित कार्यवाही का भरोसा दिया है.

# खिदमत फाउंडेशन की तरफ से इफ्तार का आयोजन संपन्न



**कल्याण.** सामाजिक संगठन खिदमत फाऊडेशन की तरफ से कल्याण पश्चिम में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। गरीब और जरूरत मंद परिवारों को हमेशा मदद करने में अग्रणी रहने वाली खिदमत फाऊडेशन ने एक समूह तैयार करके स्वयं खर्च से अब तक सैकडों परिवारों को राशन का वितरण किया है।

इस बार रोजा इफ्तार के आयोजन में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधानसभा सह संगठक रूपेश भोईर को विशेष अतिथी के रूप में आमंत्रित किया गया था। रूपेश भोईर ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि खिदमत फाऊंडेशन सही मायने में गरीब व जरूरतमंद परिवारों की खिदमत कर रही है। मौजूदा समय में ऐसी संस्थाओं की समाज को जरूरत है। इस इफ्तार के आयोजन में फाऊंडेशन के संस्थापक अरसलन रफीक शेख , तौहित शेख , आफताब खान , सलमान हाशमी , अब्दुल रहमान शेख और ने विशेष मेहनत की।

## ST की बसें कर्नाटक की सीमा पर रोकी

**मुंबई.** कर्नाटक में शनिवार को कन्नड़ समर्थक संगठनों द्वारा बुलाए गए बंद के कारण महाराष्ट्र परिवहन निगम की बसें राज्य की सीमा पर रोक दी गई हैं। महाराष्ट्र से कर्नाटक की ओर जाने वाली बसें केवल सीमा तक ही जा रही हैं और आगे नहीं बढ़ रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बीती रात महाराष्ट्र से कर्नाटक के विभिन्न शहरों के लिए रवाना हुई कई बसों को सीमा पर ही रोककर वापस भेज दिया गया।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
& For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# SST महाविद्यालय में जलसंवर्धन की शपथ!

**विश्व जल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों का अनोखा संकल्प**





**उल्हासनगर.** विश्व जल दिवस के अवसर पर एसएसटी महाविद्यालय के 'ग्रीन क्लब' द्वारा जलसंवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को पानी बचाने के महत्व को समझाने के लिए विभिन्न सत्र, प्रश्नोत्तरी (क्विज) और शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

खारफुटी (मैंग्रोव) जंगलों का महत्व विषय पर मैंग्रोव संस्था के सहायक प्रबंधक हेमंत कारखानीस ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने मैंग्रोव वनों के कारण जलस्रोतों के संरक्षण की प्रक्रिया, समुद्र के साथ उनके संबंध और पर्यावरण में उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इसके अलावा, IARF सेंटर ऑफ एक्सलेंस फॉर यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल गोल्स और सत्संग फाउंडेशन के सहयोग से 'पानी बचाने की शपथ' दिलाई गई। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और महाविद्यालय के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

साथ ही, महाविद्यालय के 'क्विज़ीपीडिया' के सहयोग से जलसंवर्धन पर आधारित ऑनलाइन क्विज (प्रश्नोत्तरी) का आयोजन किया गया, जिसमें सफल विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

इस उपक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी के मार्गदर्शन में उप-प्राचार्य डॉ. दीपक गवादे, ग्रीन क्लब प्रमुख प्रा. नम्रता सिंह, सदस्य प्रा. सचिन फालके, प्रा.अमृता अचतांनी और छात्र स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।

इस पहल के माध्यम से 'पानी बचाओ, भविष्य के संकट से बचो' का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ, और विद्यार्थियों ने जलसंवर्धन के लिए स्वयं आगे आने की प्रतिबद्धता दिखाई।

## 10 दुकानें सील

**कल्याण.** संपत्तिकर विभाग के उपायुक्त रमेश मिसाल के मार्गदर्शन में संपत्ति विभाग की सहायक आयुक्त सविता हिले ने संपत्ति विभाग के कर्मचारियों की टीम की मदद से डोंबिवली पूर्व नेहरू रोड पर छत्रपति शिवाजी महाराज भाजी मार्किट में 8 लाख रुपये बकाया होने पर कार्रवाई करते हुए 10 दुकानों को सील कर दिया गया.

# विश्व जल दिवस के पर नूतन बांदेकर का व्याख्यान

**ठाणे.** 24 मार्च को विश्व जल दिवस के अवसर पर मनपा की ओर से 'विचारमंथन व्याख्यान श्रृंखला' ने लेखक,तालाबों के विशेषज्ञ और ठाणे मनपा स्कूल के शिक्षक नूतन बांदेकर द्वारा 'तालाबों का शहर ठाणे' पर एक व्याख्यान का आयोजन किया है।यह व्याख्यान दोपहर 12:00 बजे ठाणे मनपा मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा।स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागार में आयोजित किया जाएगा।यह सभी के लिए खुला है।यह व्याख्यान श्रृंखला का पन्द्रहवाँ पुष्प है।ठाणे को तालाबों का शहर कहा जाता है।उन तालाबों के बारे में जानकारी प्राप्त करने और उनके संरक्षण के लिए जन जागरूकता पैदा करने के लिए जल दिवस के अवसर पर इस व्याख्यान का आयोजन किया गया है।

नूतन बांदेकर एक लेखिका हैं और उन्होंने साहित्यिक कृतियों के चार संग्रह प्रकाशित किए हैं। इसके अलावा ठाणे के तालाबों के बारे में एक शोध पुस्तक 'मुक्काम पोस्ट तालाब' भी प्रकाशित हुई है।

**विचार-मंथन व्याख्यान श्रृंखला**

मनपा की ओर से प्रतिष्ठित व्यक्तियों की जयंती और पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शुभकामनाएं दी जाती हैं। साथ ही विभिन्न दिवसों के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।साथ ही जिन प्रतिष्ठित व्यक्तियों का स्मरण किया जाता है उनके कार्यों एवं जानकारियों को जानने तथा उनके विचारों के प्रति जागृत करने के लिए 'विचारमंथन व्याख्यानमाला' में विशिष्ट व्यक्तियों के व्याख्यानों का आयोजन किया जाता है।मनपा आयुक्त सौरभ राव ने आवाहन किया है कि व्याख्यान की इस श्रृंखला में यह पंद्रहवां पुष्प है और ठाणेकरों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए।

JHULELAL TRUST SCHOOL AND JUNIOR COLLEGE
PREMCHAND PESSUMAL MARG,UNR-421002
WE'RE HIRING
Sports Teacher
Hindi & Marathi Teacher
English & Social Teacher
Maths & Science Teacher



REQUIREMENT
Qualifications:- Graduates/postgraduates with B.Ed/D.Ed
Experience:-2-3 Years in Teaching
Curriculum :- CBSE
Skills:- Good Communication skills,Good knowledge of technology,Child centric methodology
Join Us Now
Send Your Resume jhulelalschool@gmail.com
Our Website www.jhulelaltrustschool.com
Interested candidates can drop their resumes at our school office during working hours

# हर इंडस्ट्री में मौजूद है जेंडर आधारित भेदभाव

**एक्ट्रेस पूजा हेगड़े बोलीं- कभी-कभी नहीं मिलता क्रेडिट, सेट पर दूसरे दर्जे का कराया जाता एहसास**



एक्ट्रेस पूजा हेगड़े ने इंडस्ट्री में महिला कलाकारों के साथ होने वाली लैंगिक भेदभाव पर बात की है। पूजा ने अपने साथ हुए कुछ अनुभवों को भी शेयर किया है।

फिल्मफेयर को दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी भी किसी मेल को-एक्टर से परेशानी हुई है? जवाब में वो कहती हैं- 'यह सभी इंडस्ट्री में होता है लेकिन अलग-अलग स्तर पर। इनमें से कुछ बहुत ही खुले रूप में है और कुछ बहुत ही शटल तरीके में। छोटी-छोटी चीजें होती हैं। जैसे कि मेल एक्टर की वैनिटी वैन सेट के पास खड़ी होती है। जबकि हमें अपने लहंगे को उठाकर दूर तक चलाना पड़ता है।'

मैं कभी-कभी सोचती हूं, सुनो यार, हमारे बारे में भी सोचो। हमें इतनी भारी भरकम कपड़ों में अपने वैन तक पहुंचने के लिए खुद को घसीटना पड़ता है। ये एक शटल सेक्सिज्म है। यह भी हो सकता है कि आपका नाम पोस्टर में न हो। कभी-कभी आपको क्रेडिट तक नहीं दिया जाता, जबकि भले ही फिल्म लव स्टोरी ही क्यों न हो? हम सबको समझना होगा कि फिल्म बनाना एक कलेक्टिव एफर्ट है।

पूजा आगे कहती हैं कि उन्होंने कई ऐसे मेल को-स्टार के साथ काम किया है, जिन्होंने दशकों की मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। लेकिन जहां टेक्निकली वो बड़ी स्टार रही हैं, उन्हें वहां भी सेट पर दूसरे दर्जे का एहसास कराया गया है।

पूजा के काम की बात करें तो इन्होंने तमिल, तेलगु और हिंदी तीनों इंडस्ट्री में काम किया है। पूजा मिस यूनिवर्स इंडिया 2010 की रनर अप भी रह चुकी हैं। 2012 में तमिल फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी। हाल में शाहिद कपूर के साथ इनकी फिल्म 'देवा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने एक जर्नलिस्ट की भूमिका निभाई थी।

## प्लास्टिक कंपनी में लगी भीषण आग

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई के पास शिरवणे औद्योगिक एस्टेट में शुभदा कंपनी में शुक्रवार रात अचानक आग लग गई। शनिवार दोपहर तक आग जलती रही।

शुभदा पॉलीमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, शिरवणे इंडस्ट्रियल एस्टेट में प्लॉट नंबर 506 पर स्थित है। प्लास्टिक से विभिन्न वस्तुएं बनाने वाली एक कंपनी में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उन्हें शुक्रवार रात 11:28 बजे एक कॉल प्राप्त हुई जिसके बाद आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां भेजी गयी , बताया गया कि आग से बहुत नुकसान हुआ है। प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण में प्रयुक्त प्लास्टिक पाउडर और विभिन्न रसायन ज्वलनशील पदार्थ होते हैं.

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
NEWS LIVE
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe



Late Shri. ASHOK U. BODHA
18-02-1945 to 19-12-2017

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099